# बिहार सरकार

## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

पत्र संख्या–12 / वि0–113 / 2025 पटना, दिनांक–

**एजेंसी मेसर्स वाटसन प्राईवेट लिमिटेड को लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेगूसराय के कार्यालय आदेश संख्या–95 –सह– पठित ज्ञापांक–1957 दिनांक–19.11.2024 के द्वारा किये गये डिबार के विरूद्ध दायर अपील अभ्यावेदन दिनांक–20.05.2025 के सुनवाई के संबंध में।**

---

## आदेश

20.05.2025

एजेंसी मेसर्स वाटसन प्राईवेट लिमिटेड, भीम नगर, भंटाबारी रोड़, जिला–सुपौल एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेगूसराय सुनवाई में उपस्थित।

प्रस्तुत मामला लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेगूसराय अंतर्गत एजेंसी, एजेंसी मेसर्स वाटसन प्राईवेट लिमिटेड (सूचीबद्धता संख्या–40 / 2018) एकरारनामा संख्या–SBD-148/2019-2020 के तहत योजनाओं का अनुरक्षण एवं मरम्मति संबंधी कार्य सम्यक रूप से नहीं करने के कारण कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेगूसराय के कार्यालय आदेश संख्या–95 –सह– पठित ज्ञापांक–1957 दिनांक 19.11.2024 के द्वारा अगले निविदा में भाग लेने से वंचित किये जाने के विरूद्ध संवेदक द्वारा डिबार मुक्त करने हेतु अपील दायर किये जाने से संबंधित है।

संवेदक द्वारा लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेगूसराय अंतर्गत उक्त एकरारनामा के तहत आवंटित कार्य पूर्ण करने के उपरांत डिबार से मुक्त करने हेतु कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेगूसराय एवं अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, बेगूसराय के प्रतिवेदन के आलोक में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, भागलपुर प्रक्षेत्र भागलपुर के पत्रांक–105 दिनांक–29.01.2025 के द्वारा संवेदक को डिबार मुक्त करने की अनुशंसा की गई।

संवेदक द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन एवं क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, भागलपुर प्रक्षेत्र भागलपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में अद्योहस्ताक्षरी के द्वारा दिनांक–20.05.2025 को सुनवाई की गई जिसमें संवेदक एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेगूसराय द्वारा भाग लिया गया।

सुनवाई के क्रम में संवेदक द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा गया एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि संवेदक द्वारा कृत एकरारनामा में विहित शर्तो के तहत योजना संबंधी कार्य निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं करने एवं कतिपय निदेशों के बावजूद भी संपोषण एवं मरम्मति कार्य में अभिरूची नहीं लेने के कारण संवेदक को डिबार किया गया था। तत्पश्चात कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि डिबार करने के बाद संवेदक द्वारा एकरारनामा के अनुरूप कार्य किया गया है एवं छूटे हुए गृह संयोजन कार्य संपन्न कर दिया गया है।

अतः सम्यक समीक्षोपरांत एतद् द्वारा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेगूसराय के कार्यालय आदेश संख्या– 95 –सह– पठित ज्ञापांक–1957 दिनांक–19.11.2024 द्वारा संवेदक मेसर्स वाटसन प्राईवेट लिमिटेड (सूचीबद्धता संख्या–40 / 2018) को निविदा में भाग लेने से डिबार करने संबंधी आदेश को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है एवं आदेश दिया जाता है कि कार्यपालक अभियंता एक सप्ताह के अंदर वार्ड आच्छादन प्रमाण पत्र बिभागीय MIS पर अपलोड करायेंगें एवं अनुरक्षण नीति के अंतर्गत प्रावधानित दंड के अनुरूप योजना के अवयवों के संपोषण एवं मरम्मति कार्य नही किये जाने तथा जलापूर्ति बाधित अवधि हेतु निर्धारित दंड की वसूली सुनिश्चित करेंगें।

ह0 / –

(पंकज कुमार)

प्रधान सचिव

ज्ञापांक—12/वि0—113/2025— 769 पटना, दिनांक— 26/05/2025

प्रतिलिपि—अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना /भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना /बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

26/05/2025
(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक—12/वि0—113/2025— 769 पटना, दिनांक— 26/05/2025

प्रतिलिपि—सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26/05/2025
(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

Speed Post

ज्ञापांक—12/वि0—113/2025— 769 पटना, दिनांक— 26/05/2025

प्रतिलिपि—कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेगूसराय /संवेदक, मेसर्स वाटसन प्राईवेट लिमिटेड, भीमनगर भंटाबारी रोड, जिला—सुपौल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26/05/2025
(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक—12/वि0—113/2025— 769 पटना, दिनांक— 26/05/2025

प्रतिलिपि—आई0टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26/05/2025
(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)